पाइनएप्पल के फलों में पाया जाने वाला रसायन ब्रोमेलेन प्रोटीन को पचाने वाला एक प्रमुख एंजाइम है जो कि कैंसर होने पर बने ट्युमर की वृद्धि रोकने में यह कारगर साबित हुआ है।कई हर्बल जानकार पाइनएप्पल को कैंसर नियंत्रण के लिए एक अच्छा
उपाय मानते हैं। मजे की बात यह है कि यह रसायन पाइनएप्पल के फल के बीच मोटे और कड़क हिस्से में पाया जाता है, जिसे अक्सर लोग काटकर फेंक देते है।

फलों के बीचों बीच वाले हिस्से में पाया जाने वाला ब्रोमेलेन रसायन अस्थमा की रोकथाम के लिए भी जबरदस्त माना जाता है।
फलों के बीच के कठोर हिस्से को निकालकर कुचल लिया जाए या रोगी को सीधे चबाने की सलाह दी जाए तो आराम मिलता है।

अनन्नास के फलों में पाया जाने वाला एंजाइम ब्रोमेलेन अलग-अलग तरह से कार्य करता है।अनन्नास के फल को खाली पेट खाया जाए तो यह रक्त एंजाइम में पहुंचकर रक्त विकार जैसी समस्याओं में बेहतर कार्य करता है। यदि इसे भोजन के साथ खाया जाए तो ब्रोमेलेन सबसे पहले खाद्य पदार्थों को पचाने में व्यस्त हो जाता है।
परंपरागत चिकित्सकों की भी मानी जाए तो अनन्नास का सेवन भोजन के साथ किया जाए तो यह पाचन क्रिया को नियंत्रित करता है।

दक्षिण भारत के आदिवासी मांसाहार सेवन के बाद पाइनएप्पल को जरूर चबाते हैं।इनका मानना है कि बतौर भोजन शरीर में पहुंचे मांस को पाइनएप्पल बड़ी तेजी से गला देता है। जिससे मांसाहार का पाचन जल्द हो जाता है।
आदिवासियों के अनुसार अन्नानस एक ऐसा फल है जो हमारे पेट में पहुंचकर हमारे खाए भोज्य पदार्थ को खाता है, यानि उन्हें बेहतर पचा देता है।

पाइनएप्पल की पत्तियों में डायबिटीज नियंत्रण की जबरदस्त क्षमता होती है। पत्तियों को पीसकर या कुचलकर रस तैयार किया जाए, दिन में दो से तीन बार करीब 10 मिली रस पीने से शुगर
नियंत्रण में मदद मिलती है।

शरीर में कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण के लिए भी पाइनएप्पल की पत्तियों में जबरदस्त गुण पाए जाते है।ऐसा माना जाता है कि कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण के लिए ली जाने वाली स्टेटिन दवाओं के जैसे ही इसकी पत्तियों में कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने की क्षमता होती है।

पाइनएप्पल के फलों में भरपूर मात्रा में मैग्नेशियम पाया जाता है, बच्चों को इस फल का सेवन कराने से उनकी हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती है। सप्ताह में कम से कम एक बार इस फल का सेवन अवश्य करना चाहिए।

दांतो की सर्जरी होने के बाद पाइनएप्पल का रस पीना महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि पाइनएप्पल का रस या पका फल सेवन करने से मुंह और दांतो से जुड़े अनेक विकार खत्म हो जाते है।